महानगर
बरेली ■ शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

# अमर उजाला

**PAGE NO : 04 TOP**


## खेल

■ **क्रिकेट :** एसआरएमएस मैदान पर क्रिकेट टूर्नामेंट सुबह 8 बजे से।

**PAGE NO : 09 TOP**

# एसआर इंटरनेशनल और नेशनल पब्लिक स्कूल सेमीफाइनल में

### श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज खेले जाएंगे सेमीफाइनल मुकाबले




एसआर इंटरनेशनल स्कूल के पार्थ को चुना गया मैन ऑफ द मैच। स्रोत : एसआरएमएस

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में बृहस्पतिवार को तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें एसआर इंटरनेशनल स्कूल और नेशनल पब्लिक स्कूल की टीमों ने जीत दर्ज कर, सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बृहस्पतिवार को पहले मुकाबले में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 121 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआरएम की टीम 15.5 ओवरों में 73 रनों पर ही ढेर हो गई। चार विकेट हासिल करने वाले एसआर इंटरनेशनल के पार्थ को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। दूसरे मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल के कप्तान अरुण यादव ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

टीम निर्धारित 20 ओवरों में 90 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुकुंद इंटरनेशनल की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 69 रन ही बना पाई। तीन विकेट झटकने के लिए नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया।